DATE -30-03-19

प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में Reliance Jio के तहत एक Campus Drive का आयोजन किया गया । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता की प्रेरणा से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ । यह आयोजन Sales Officer की भर्ती के लिए कराया गया, जिसमें Reliance Jio की तरफ से श्री राकेश नेगी (मानव संसाधन प्रबंधक), श्री सुरेश मिश्रा (मानव संसाधन प्रबंधक) और श्रीमती अंकिता सिंह (Sales and Distribution) प्रबंधक मुख्य रूप से उपस्थित थीं । इस ड्राइव में बी.बी.ए. / बी.कॅाम. / बी.कॉम. / बी.सी.ए. के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया । कार्यक्रम की शुरूआत श्री राकेश नेगी की Presentation से हुई, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को कम्पनी के बारे में विस्तार में बताया । साथ ही उन्होंने बताया कि यह ड्राइव सेल्स ऑफिसर पद के लिए है, जो कि तीन चरणों में विभाजित

किया गया है । उन्होंने सभी चरणों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण में (Group Discussion) कराया जाएगा, जो कि 10 विद्यार्थियों का एक ग्रुप बनाकर होगा । जो विद्यार्थी इस चरण में चयनित होंगे, वह द्वितीय चरण में प्रवेश करेंगे, जिसमें उनका एक (Aptitude Test) होगा । द्वितीय चरण में चयनित हुए विद्यार्थियों के साक्षात्कार होंगे । जो विद्यार्थी साक्षात्कार में चयनित होंगे, उन्हें कम्पनी में दो दिन की प्रशिक्षण दी जाएगी, साथ ही उनकी दोनों दिन एक लिखित परीक्षा भी होगी । उस लिखित परीक्षा में चयनित हुए विद्यार्थियों का ही अंतिम चयन होगा । साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि चयनित हुए विद्यार्थियों का कुल वेतन 21,000 / — निर्धारित किया गया है ।